NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 204/NCRES/20

Date : 7.10.2020

श्रीमान मुख्य कार्मिक अधिकारी (आई.आर)
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– प्रधान कार्यालय में 33.33 प्रतिशत पदोन्नति कोटा की परीक्षा आयोजित न किया जाना।

सन्दर्भ :– NCRES हेडक्वाटर शाखा का पत्र दिनांक 21.09.2020

महोदय,

प्रधान कार्यालय में कनिष्ठ लिपिक सह टंकण लेवल–2 में 33.33 प्रतिशत पदोन्नति कोटा की परीक्षा पूर्व में 22.3.2020 व 10.5.2020 को आयोजित किये जाने का आदेश मुख्यालय द्वारा पारित किया गया था किन्तु कोरोना महामारी के चलते परीक्षा कराना सम्भव न हो पाने के कारण उपरोक्त तिथियों पर परीक्षा सम्पन्न नही हो सकी।

वर्तमान में अनलाक–4 की निर्धारित गाइडलाइन के तहत राज्य सरकार व केन्द्र सरकार के द्वारा परीक्षाएं आयोजित एवं सम्पन्न की जा रही है एवं मुख्यालय भी परीक्षाएं सम्पन्न करा रहा है।

अतः अनुरोध है कि कोरोना महामारी के कारण कई माह से लम्बित कनिष्ठ लिपिक सह टंकण लेवल–2 में 33.33 प्रतिशात पदोन्नति कोटा की परीक्षा शीघ्र कराने का कष्ट करें जिससे पात्र कर्मचारी लाभान्वित हो सके।

कृपया कृत कार्यवाही से "संघ" को भी अवगत करायें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री